# जनवरी 2019

## 1. इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया

- 1 जनवरी, 2019 को केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने उत्तर प्रदेश सरकार के इलाहाबाद जिले का नाम बदलकर प्रयागराज करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

**नोट:**

- MHA ने इससे पहले ब्रिटिश काल के रेलवे स्टेशन राबर्ट्सगंज का नाम बदलकर सोनभद्र और मथुरा के पास फराह टाउन रेलवे स्टेशन और प्रतिष्ठित मुगलसराय जंक्शन का नाम बदलकर दीन दयाल उपाध्याय (दोनों उत्तर प्रदेश में) करने की मंजूरी दी थी।

## 2. रेल कुंभ सेवा 'मोबाइल ऐप'

- उत्तर मध्य रेलवे ने एक 'रेल कुंभ सेवा मोबाइल ऐप' लॉन्च किया है जो 15 जनवरी से शुरू होने वाले कुंभ मेले के लिए शहर और मेला मैदानों के रास्तों पर मार्गदर्शन करने में सहायता करेगा।
- 'रेल कुंभ सेवा मोबाइल ऐप' सभी 'मेला स्पेशल' ट्रेनों, इलाहाबाद शहर के अंदर प्रमुख होटलों, बस स्टेशनों और अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान करेगा।

**नोट:**

- तापमान, आर्द्रता, वर्षा और हवाओं पर मौसम के सजीव प्रसारण की जानकारी के प्रसार हेतु **'कुंभ मेला मौसम सेवा' नामक एक मोबाइल ऐप** भी विकसित किया गया है।
- परंपरागत रूप से, चार मेलों को व्यापक रूप से कुंभ मेले के रूप में जाना जाता है:
  (a) प्रयाग कुंभ मेला (प्रयाग संगम- गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम)
  (b) हरिद्वार कुंभ मेला (गंगा नदी के तट पर)
  (c) नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ (गोदावरी नदी के तट पर)
  (d) उज्जैन सिंहस्थ (शिप्रा नदी के तट पर)
- किसी भी स्थान पर, कुंभ मेला 12 वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है।
- यह चार स्थानों में से किसी एक पर हर तीसरे वर्ष आयोजित किया जाता है: हरिद्वार, इलाहाबाद, नासिक और उज्जैन।
- महाकुंभ 12 पूर्णकुंभ मेलों के बाद अर्थात प्रत्येक 144 वर्षों में आयोजित होता है।
- अर्धकुंभ ("आधा कुंभ") मेला प्रयाग और हरिद्वार में हर 6 वर्ष में लगता है।

**अन्य जानकारी**

- प्रयागराज कुंभ मेले 2019 ने तीन क्षेत्रों में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया है-

ये क्षेत्र निम्नलिखित हैं:

- सबसे बड़ी यातायात और जनसमूह प्रबंधन योजना।
- "पेंट माई सिटी" योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों का सबसे बड़ा पेंटिंग कार्य।
- सबसे बड़ा स्वच्छता और अपशिष्ट निपटान तंत्र।



**3. संस्कृति कुंभ**

- 10 जनवरी, 2019 को, 29 दिनों के एक सांस्कृतिक उत्सव संस्कृति कुंभ का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुंभ मेला क्षेत्र में किया।
- कुंभ मेले के वैश्विक स्तर पर महत्व में वृद्धि हुई है क्योंकि यूनेस्को ने वर्ष 2017 में कुंभ मेले को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया है।

**4. वाराणसी में प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया गया**

- 15वां प्रवासी भारतीय दिवस वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया गया था।
- इसका विषय 'नए भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की भूमिका" (Role of Indian Diaspora in building a New India) था।
- इसका आयोजन विदेश मंत्रालय (MEA) ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया था।
- यह दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान के उपलक्ष्य में 9 जनवरी को मनाया जाता है।
- लेकिन इस बार तारीख को 21 जनवरी कर दिया गया था ताकि कार्यक्रम में शामिल होने वाले मेहमानों को प्रयागराज में 'कुंभ मेले' में भाग लेने और गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर मिल सके।
- इस दिवस को मनाने के लिए 9 जनवरी का दिन इसलिए चुना गया था क्योंकि वर्ष 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे।

**नोट:**

**प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार**

- प्रवासी भारतीय सम्मान प्राप्त करने वालों में IMF प्रमुख गीता गोपीनाथ, नार्वे के सांसद हिमांशु गुलाटी और दक्षिण अफ्रीकी राजनयिक अनिल सुकलाल और कुछ प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हैं।

**5. दीन दयाल हस्तकला संकुल**

- प्रधान मंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दीनदयाल हस्तकला संकुल में उत्कृष्टता केंद्रों का उद्घाटन किया।
- यह हस्तशिल्प के लिए एक व्यापार सुविधा केंद्र है।
- शंकुल में शिल्प संग्रहालय वाराणसी के पारंपरिक हथकरघा / हस्तशिल्प उत्पादों का संरक्षण करेगा।
- बजट 2014-15 में वित्त मंत्री ने वाराणसी के हथकरघा, हस्तशिल्प और रेशम उत्पादों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एक व्यापार सुविधा केंद्र और एक शिल्प संग्रहालय स्थापित करने की घोषणा की थी।

**6. रेणुकाजी बहुउद्देशीय बांध परियोजना**

- केंद्रीय जल संसाधन, जहाजरानी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के साथ ऊपरी यमुना नदी घाटी में रेणुकाजी बहुउद्देशीय बांध परियोजना के निर्माण हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



**सम्बंधित जानकारी**

- उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में यमुना नदी और इसकी दो सहायक नदियों - टोंस और गिरी पर तीन भंडारण परियोजनाओं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।
- इसमें शामिल है:

  (i) उत्तराखंड में यमुना नदी पर लखवाड़ परियोजना,

  (ii) उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में टोंस नदी पर किशाऊ और

  (iii) हिमाचल प्रदेश में गिरि नदी पर रेणुकाजी।
- इन तीन परियोजनाओं को वर्ष 2008 में राष्ट्रीय परियोजनाओं की मान्यता दी गई थी, जिसके तहत सिंचाई एवं पेय जल घटकों की लागत का 90% वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सहायता के रूप में प्रदान किया जाएगा और सिंचाई एवं पेय जल के घटकों की लागत का शेष 10% लाभार्थी राज्यों द्वारा वहन किया जाएगा।
- परियोजना का कार्यान्वयन हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPPCL) द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

**7. <u>दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर का दिलशाद गार्डन से नए बस अड्डे गाजियाबाद तक विस्तार</u>**

- 23 जनवरी, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिलशाद गार्डन से गाजियाबाद में नए बस अड्डे तक 9.41 किलोमीटर लंबे दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी दी।
- यह विस्तार गाजियाबाद में दूसरी मेट्रो लाइन और शहर के अंदर के भागों को जोड़ने वाली पहली मेट्रो लाइन का निर्माण करेगा।
- परियोजना की कुल लागत 1781.21 करोड़ रुपये है और केंद्र ने विस्तार के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में 324.87 करोड़ रुपये के योगदान को मंजूरी दी थी।
- यह परियोजना भारत सरकार के मौजूदा स्पेशन पर्पज व्हीकल (SPV) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (GNCTD) अर्थात दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (DMRC) द्वारा लागू की जाएगी।

**8. <u>उत्तर प्रदेश सरकार ने दुनिया के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे 'गंगा एक्सप्रेसवे' के निर्माण को मंजूरी दी</u>**

- 29 जनवरी, 2019 को, उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज को पश्चिम उत्तर प्रदेश से जोड़ने के उद्देश्य से प्रयागराज और मेरठ के बीच दुनिया के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे के निर्माण को मंजूरी दी।
- इसकी लंबाई 600 किमी होगी।
- एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रारंभ होगा और अमरोहा-बुलंदशहर-बदायूं-शाहजहांपुर-कन्नौज-उन्नाव-रायबरेली-प्रतापगढ़ से होते हुए जाएगा और प्रयागराज पर समाप्त होगा।
- 6,556 हेक्टेयर भूमि पर परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 36,000 करोड़ रुपये होगी।

**नोट:**

- उत्तर प्रदेश के लिए एक अन्य एक्सप्रेसवे परियोजना की शुरुआत शीघ्र होने वाली है जिसका नाम बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है जो चार लेन वाला नियंत्रित राजमार्ग है।



- यह झांसी से प्रारंभ होगा और चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, औरैया, जालौन, इटावा, नसीमपुर से होकर गुजरेगा और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे में मिल जाएगा।

**9. <u>दीनदयाल पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में बकरी के प्रजनन की पहली प्रयोगशाला स्थापित करेगी</u>**

- उत्तर प्रदेश में दीनदयाल पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय ने 22 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत राज्य में पहली बकरी प्रजनन प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रस्ताव पेश किया है।

**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना**

- ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि क्षेत्र में 4% वार्षिक विकास दर हासिल करने के लिए वर्ष 2007 में शुरू की गई।
- राज्यों को कृषि में निवेश बढ़ाने के लिए प्रेरित करें।
- वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक तीन वर्ष के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) का नाम बदलकर Rashtriya Krishi Vikas Yojana- Remunerative Approaches for Agriculture and Allied sector Rejuvenation या RKVY-RAFTAAR रखा गया।

**10.<u>गंगाजल परियोजना</u>**

- प्रधानमंत्री ने आगरा शहर में 2,980 करोड़ रुपये की गंगाजल परियोजना का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य बेहतर और सुनिश्चित जल आपूर्ति प्रदान करना है।
- उन्होंने आगरा स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए एक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र की आधारशिला भी रखी।

**नोट:**

- प्रधानमंत्री ने आगरा में 200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर एसएन मेडिकल कॉलेज के उन्नतिकरण की आधारशिला भी रखी।

**11.<u>आगरा और मथुरा में नमामि गंगे परियोजना</u>**

- मथुरा में 511.74 करोड़ रुपये की लागत की चार परियोजनाएं थीं।
- पहली 'वन-सिटी-वन-ऑपरेटर' के प्रयोजन के साथ हाइब्रिड एन्युटी मोड पर शहर में एक एकीकृत सीवरेज अवसंरचना थी।

**12.<u>उत्तर प्रदेश सरकार निराश्रित व्यक्तियों को 500 रुपये की पेंशन देगी</u>**

- उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित व्यक्तियों को 500 रुपये मासिक पेंशन देने की घोषणा की, जो कि पहले 400 रुपये थी।

**13.<u>उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस: 24 जनवरी</u>**

**14.<u>पहला अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी महोत्सव वर्ष 2020 में मॉरीशस में आयोजित होगा</u>**



**15.रणजी ट्रॉफी 2018-19**

- सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी 2018-19 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ दूसरे क्वार्टर फाइनल में 372 रनों के लक्ष्य को हासिल करते हुए इतिहास रचा।

**16.राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गांधीवादी पुनरुत्थान शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया**

- शिखर सम्मेलन का आयोजन परमार्थ निकेतन, हरिजन सेवक संघ और ग्लोबल इंटरफेथ वॉश अलाइंस द्वारा किया गया था।
- राष्ट्रपति ने कस्बे में महर्षि भारद्वाज की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

**17.आगरा में इंडियन पेंट कॉन्फ्रेंस -2019 का आयोजन किया गया**

- इसका आयोजन इंडियन पेंट एसोसिएशन (IPA) द्वारा किया गया
- सम्मेलन का विषय 'पेंट्स पे चर्चा – नए आयाम' है।

**18.इंडस फूड मीट 2019 ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा**

- भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (TPCI) और केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय द्वारा आयोजन किया गया।
- ओडिशा एक 'भागीदार राज्य' था।

**19.एक जिला, एक उत्पाद (ODOP) योजना**

- उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के स्वदेशी और विशेष उत्पादों तथा शिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए एक जिला, एक उत्पाद योजना शुरू की है।

**20.उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप हेल्प अस ग्रीन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा सम्मानित किया गया**

- उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप हेल्प अस ग्रीन (HelpUsGreen) को संयुक्त राष्ट्र द्वारा फूलों के कई टन अपशिष्ट को रिसाइकिल करके गंगा नदी को साफ करने के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है।

**21.** यूपी सरकार ने सभी गाँवों, पंचायतों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, निगमों और नगरपालिकाओं में गायों के लिए अस्थायी काऊ शेड (गौशालाएँ) बनाई है।

**22.** उत्तर प्रदेश सरकार ने यरूरया उवणरक की कीमतों में 11% कमी की।
नोट: यूरिया की कीमतों में कमी प्राकृतिक गैस पर की गई अतिरिक्त वैट उगाही में कमी के कारण है।

